पत्र संख्या: 1222 अ0निदे0वा0क0अधि0प्र0सं0ल0/ सामा0पत्र0 / 2020-21 / वाणिज्य कर

कार्यालय- अपर निदेशक, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
दिनांक :: लखनऊ / 19 / जनवरी/ 2021

**-:: आदेश ::-**

ज्वाइंट कमिश्नर (स्थापना राजपत्रित) मुख्यालय के आदेश संख्या- 3213 दिनांक 13-10-2020 एवं एडिशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश संख्या- 3245 दिनांक 15-10-2020 के माध्यम से उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 2016 बैच के असिस्टेंट कमिश्नर एवं वाणिज्य कर अधिकारी तथा 2017 बैच के नवनियुक्त वाणिज्य कर अधिकारियों को डिजीटल प्लेटफॉर्म (माइक्रोसॉफ्ट मीटिंग एप) के माध्यम से प्रथम चरण का (03 माह की अवधि हेतु) ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 19-10-2020 से प्रारम्भ होकर आगामी दिनांक 19-01-2021 को पूर्ण हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि उपरोक्त 06 माह के फाउण्डेशन कोर्स के द्वितीय चरण में समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों को यथावत् अपनी सम्बद्धता के स्थान पर ही आगामी 02 माह तक क्रमश: खण्डाधिकारी, सचल दल एवं वि०अनु०शा० इत्यादि कार्यालयों / अनुभागों में दिनांक 21-01-2021 से 22-03-2021 तक वांछित व्यवहारिक प्रशिक्षण (फील्ड ट्रेनिंग) प्राप्त किया जाना है। व्यावहारिक / फील्ड प्रशिक्षण की अवधि के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को निम्न तालिका के अनुसार सप्ताहवार चिन्हित विंग्स से सम्बद्ध रहते हुए वास्तविक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे :-

| क्र०सं० | अवधि दिनांक 21-01-2021 से 22-03-2021 तक | सप्ताह | विषय | अनुभाग |
|---|---|---|---|---|
| 1- | दिनांक 21-01-2021 से 27-01-2021 तक | प्रथम सप्ताह | रजिस्ट्रेशन | खण्डाधिकारी कार्यालय |
| 2- | दिनांक 28-01-2021 से 03-02-2021 तक | द्वितीय सप्ताह | रिटर्न एवं स्क्रुटनी | खण्डाधिकारी कार्यालय |
| 3- | दिनांक 04-02-2021 से 10-02-2021 तक | तृतीय सप्ताह | रिफण्ड एवं रिकवरी | खण्डाधिकारी कार्यालय |
| 4- | दिनांक 11-02-2021 से 17-02-2021 तक | चतुर्थ सप्ताह | असेसमेंट एवं ऑडिट | खण्डाधिकारी कार्यालय एवं ऑडिट अनुभाग |
| 5- | दिनांक 18-02-2021 से 24-02-2021 तक | पंचम सप्ताह | एडमिनिस्ट्रेशन एवं एस०आर० | डिप्टी कमिश्नर (प्रशासन) / डिप्टी कमिश्नर (एस०आर०) |
| 6- | दिनांक 25-02-2021 से 03-03-2021 तक | छठा सप्ताह | सचल दल कार्यप्रणाली | कार्यालय सहायक आयुक्त सचल दल |
| 7- | दिनांक 04-03-2021 से 22-03-2021 तक | सातवां सप्ताह | विशेष अनुसंधान शाखा की कार्यप्रणाली | डिप्टी कमिश्नर (वि०अनु०शा०) |

**नोट:-**

**1- संबंधित जोन के प्रभारी एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2 द्वारा समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों के संतोषजनक फील्ड / व्यवहारिक प्रशिक्षण पूर्ण किये जाने के संबंध में प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। तदोपरांत समस्त प्रशिक्षु अधिकारी उक्त प्रमाण पत्र (Completion Certificate) के साथ वाणिज्य कर प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 23-03-2021 को ऑनलाइन रिपोर्ट कर पुन: प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवशेष अवधि (अंतिम चरण) के लिए ऑनलाइन योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगे।**

**2- इसके अतिरिक्त नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उपरोक्त विभिन्न अनुभागों / विंग्स में प्राप्त किये गये प्रशिक्षण तथा असाइनमेंट्स का मूल्यांकन सम्बंधित ज्वाइंट कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा किया जायेगा। संदर्भित मूल्यांकन के उपरांत मूल्यांकन की एक प्रति, अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ को प्रेषित की जायेगी, जिसे प्रशिक्षण संस्थान में नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों के अंतिम तथा समग्र मूल्यांकन में सम्मिलित किया जायेगा।**

फील्ड का व्यावहारिक प्रशिक्षण की उक्त 02 माह की अवधि के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को उपरोक्तानुसार संबद्ध करते हुए संबंधित इकाईयों / अनुभागों के प्रभारी अधिकारियों द्वारा विभिन्न व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा असाइनमेंट्स दिए जाएंगे। नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा उपरोक्त विभिन्न अनुभागो / विंग्स में प्राप्त किए गए प्रशिक्षण तथा असाइनमेंट्स का मूल्यांकन संबंधित ज्वाइंट कमिश्नर, वाणिज्य कर द्वारा किया जाएगा। संदर्भित मूल्यांकन के उपरांत मूल्यांकन की एक प्रति अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ को प्रेषित की जाएगी, जिसे प्रशिक्षण संस्थान में नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों के अंतिम तथा समग्र मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त फील्ड / व्यावहारिक प्रशिक्षण की निर्धारित अवधि 02 माह (अर्थात् दिनांक 21-01-2021 से 22-03-2021 तक) समाप्त हो जाने के उपरांत संबंधित जोन के प्रभारी एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 / ग्रेड-2 द्वारा समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों के संतोषजनक फील्ड/ व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण किये जाने के संबंध में प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। तदोपरांत समस्त प्रशिक्षु अधिकारी उक्त प्रमाण पत्र के साथ वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में दिनांक 23-03-2021 को ऑलनाइन रिपोर्ट कर पुनः प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवशेष अवधि (अंतिम चरण) के लिए ऑनलाइन योगदान आख्या प्रस्तुत करेंगे।

उक्त आदेश कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश के अनुमोदनोपरांत जारी किया जा रहा है।

(सुधा वर्मा)
एडिशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक –उक्त।**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही / सूचनार्थ प्रेषित :-**

1- एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1, आगरा, अलीगढ़, कानपुर प्रथम, कानपुर द्वितीय, झांसी, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ प्रथम, लखनऊ द्वितीय, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी प्रथम, वाराणसी द्वितीय, प्रयागराज, मेरठ गाजियाबाद प्रथम, गाजियाबाद द्वितीय, सहारनपुर, इटावा, गौतमबुद्धनगर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
2- अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ को इस आशय से कि वे अपने स्तर से भी समस्त जोन कार्यालयों में फील्ड ट्रेनिंग से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री प्रेषित करें।
3- डिप्टी कमिश्नर (आई०टी०), वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

19/01/2021

एडिशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर मुख्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।